MOST URGENT


**DELHI JAL BOARD, GOVT. OF NCT OF DELHI**
PUBLIC RELATIONS OFFICE (W)
VARUNALAYA PHASE-II, KAROL BAGH
NEW DELHI 110005
e-mail: prodjb115@gmail.com


**For favour of publication:** **Dated: 10.07.2026**

# प्रेस विज्ञप्ति

## एक पेड़ माँ के नाम' अभियान
## महज 5 दिनों में ही हासिल किया 30% से अधिक लक्ष्य !

**दिनांक – 11 जुलाई 2026**

पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार द्वारा संचालित **'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान को दिल्ली जल बोर्ड पूरे उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली जल बोर्ड को 20,600 पौधे लगाने का लक्ष्य सौंपा गया था। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को और अधिक सशक्त बनाते हुए **दिल्ली जल बोर्ड ने स्वतः ही इस लक्ष्य को बढ़ाकर 32,400 पौधे लगाने का संकल्प लिया,** जो संगठन की हरित एवं सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

7 जुलाई 2026 से प्रारंभ हुए इस मेगा अभियान को दिल्ली जल बोर्ड के **सीईओ श्री सज्जन सिंह यादव, IAS** के कुशल नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन में मिशन मोड पर संचालित किया जा रहा है। अभियान के प्रारंभिक चरण में ही दिल्ली जल बोर्ड ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अभियान के **उद्घाटन दिवस (7 जुलाई 2026)** पर ही दिल्ली जल बोर्ड ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए **प्रथम चरण के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत लक्ष्य की तुलना में 27.25 प्रतिशत प्रगति दर्ज की**, जो निर्धारित लक्ष्य से लगभग **तीन गुना अधिक** है और अभियान के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता, प्रभावी कार्ययोजना तथा त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन का प्रमाण है।

इस अभियान के अंतर्गत दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ, श्री सज्जन सिंह यादव, IAS द्वारा दिनांक **10.07.2026** को दिल्ली जल बोर्ड के कोरोनेशन पिलर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में पौधारोपण किया गया जिसमें उन्होंने पीपल एवं बेल के पौधे रोपित किए।

**अब तक दिल्ली जल बोर्ड द्वारा कुल 6,198 पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया जा चुका है,** जिनमें **334 वृक्ष** एवं **5,864 झाड़ियाँ** शामिल हैं। **मात्र पाँच दिनों में दिल्ली जल बोर्ड ने वन विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य का 30% हासिल कर लिया है।** यह उपलब्धि इस अभियान की निरंतर प्रगति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति दिल्ली जल बोर्ड की सक्रिय प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

दिल्ली जल बोर्ड द्वारा यह अभियान राजधानी के विभिन्न सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स **(STPs)**, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स **(WTPs)**, ड्रेनेज परिसरों, विभिन्न कार्यालयों तथा दिल्ली जल बोर्ड की आवासीय कॉलोनियों में व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही गैर–सरकारी संगठनों **(NGOs)**, रेज़िडेंट

**MOST URGENT**

वेलफेयर एसोसिएशनों **(RWAs),** विद्यालयों के छात्र–छात्राओं, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं तथा स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान एक व्यापक जनभागीदारी अभियान का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। बड़ी संख्या में नागरिक पर्यावरण संरक्षण के इस महाअभियान से जुड़कर वृक्षारोपण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं।

दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी भी इस अभियान में बढ़–चढ़कर अपनी भूमिका निभा रहे हैं। विभिन्न परियोजना स्थलों एवं परिसरों में स्वयं उपस्थित होकर वे पौधारोपण कर रहे हैं तथा नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं हरित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरूप अभियान निरंतर गति पकड़ रहा है तथा निर्धारित लक्ष्य की ओर तेज़ी से अग्रसर है।

दिल्ली जल बोर्ड **स्वयं सहायता समूहों (Self Help Groups), गैर–सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों, रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (RWAs) तथा अन्य जनसहभागी संस्थाओं** के सहयोग से इस अभियान को और अधिक व्यापक बनाने में जुटा है। संगठन का उद्देश्य निर्धारित समयावधि के भीतर **32,400 पौधों** के संकल्प को पूर्ण करते हुए दिल्ली को अधिक हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण वाली राजधानी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देना है।

दिल्ली जल बोर्ड का मानना है कि **'एक पेड़ माँ के नाम'** केवल एक वृक्षारोपण अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान, पर्यावरण संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और हरित भविष्य सुनिश्चित करने का सामूहिक संकल्प है। इसी भावना के साथ दिल्ली जल बोर्ड सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने, अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा **हरित, स्वच्छ और विकसित दिल्ली** के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने का आह्वान करता है।